अव्यवस्था | विभाग एक दूसरे पर तान रहे बंदूक

प्री मानसून में ही खुली नगर निगम के दावों की पोल

जबलपुर, नवभारत। मंगलवार को मानसून की आहट के बीच हुई कुछ घंटे की झमाझम बारिश ने जहां आमजनों को राहत प्रदान की तो वही स्मार्ट सिटी कहलाने वाले जबलपुर शहर की सड़को और नालों की पोल खोल कर रख दी। शहर के कई हिस्सों में सड़के तालाब में तब्दील हो गईं। नरघैया, सिविक सेंटर, बलदेव बाग, शिव नगर, चार नंबर गेट के पास जलप्लावन की स्थिति निर्मित हो गई। वही सबसे ज्यादा बुरे हालात मदन महल अंडर ब्रिज के देखने को मिले।

मदन महल अंडर ब्रिज पर कोई स्थाई इलाज नहीं होने के कारण एक कार पानी में फंस गई, जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। इस दौरान यहां से देर रात तक आवागमन बंद रहा। बता दे कि यहां सही जल निकासी नहीं होने के कारण कुछ देर की बारिश में ही अंडर ब्रिज गंदे पानी से लबालब भर जाता है।

पंप के भरोसे बैठे विभाग

नवभारत द्वारा जब मदन महल अंडर ब्रिज को लेकर जब नगर निगम और रेलवे जैसे बड़े विभागों से स्थाई इलाज के बारे में जानकारी ली गई तो दोनों विभाग एक दूसरे के ऊपर बंदूक तानते दिखाई दिए। एक और नगर निगम का कहना है कि रेलवे की जमीन पर बने अंडर ब्रिज का स्थाई इलाज सिर्फ और सिर्फ रेलवे ही कर सकती है। वहीं रेलवे के बड़े अधिकारियों का कहना है कि हर साल की तरह इस साल भी अंडरब्रिज के पास जल निकासी के लिए एक पंप की व्यवस्था की जा रही है। सिर्फ अंडर ब्रिज ही नहीं रसल चौक के पास भी भूमिगत नाली चोक होने से वर्षा का पानी पूरी सड़क पर हिलौरे मारता रहा। पैदल चलने वाले परेशान होते रहे वहीं वाहन चालक भी धीरे-धीरे वाहन आगे बढ़ाते रहे। वहीं रसल चौक से आगे जबलपुर अस्पताल की तरफ जाने वाले मार्ग पर भी सड़क पर पानी भरा रहा।

मुख्य बाजार में आई बाढ़

शहर के नरघैया में हर बार की तरह इस बार भी थोड़ी सी बारिश में ही बाढ़ जैसे हालात देखने को मिले। यहां व्यापारियों और खरीदारी करने पहुंचे लोगों की गाड़ियां पानी में डूबी नजर आई। पानी का बहाव इतना तेज था कि अगर कोई ना संभले तो उसे बहने से रोका ना जा सके। इस दौरान लोग अपनी गाड़ियों को भी पानी में बहने से रोकते नजर आए। बता दे कि प्री मानसून की जोरदार एंट्री ने लोगों को जहां खुश कर दिया, वहीं परेशानियां भी बढ़ा दीं। पहली बारिश में ही शहर की सूरत भी बदली नजर आई। जलभराव की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा बारिश पूर्व किए गए इंतजामों की पोल खुल गई।

इनका कहना है

मदन महल अंडर ब्रिज से जल निकालने का कार्य हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जाएगा। विभाग की पूरी कोशिश रहती है किसी भी आमजन को तकलीफ न उठानी पड़े। रेलवे द्वारा हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

डॉ. मधुर वर्मा
सीनियर डीसीएम, पमरे

अंडर ब्रिज की समस्या का समाधान सिर्फ और सिर्फ रेलवे ही निकल सकता है नगर निगम द्वारा हर संभव कोशिश शुरू से ही की जाती रही है।

शैलेंद्र मिश्रा, कार्य यंत्री
लोनिवि, नगर निगम

मनी लांड्रिंग मामला : आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा की जमानत पर फैसला सुरक्षित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार व मनी लान्ड्रिंग मामले के आरोपी पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की 60 दिन की अस्थायी जमानत अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। न्यायालय ने बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उक्त निर्देश दिये।

दरअसल सौरभ शर्मा ने पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिन की अस्थायी जमानत मांगी है। याचिका में कहा गया है कि पत्नी दिव्या तिवारी को नाक संबंधी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं और आपरेशन के दौरान उनकी देखभाल के लिए पति की उपस्थिति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिला अदालत और हाईकोर्ट दोनों उसकी नियमित जमानत अर्जियां निरस्त कर चुके हैं। वहीं, जांच एजेंसियों

का कहना है कि सौरभ शर्मा से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं। ऐसे में परिवार की देखभाल के लिए अन्य किसी व्यक्ति के उपलब्ध न होने के दावे पर भी सवाल उठ रहे हैं। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

शादी से इंकार, अग्रिम जमानत नहीं

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ ने मैट्रीमोनियल ऐप के जरिए युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में 15 लाख रुपये की मांग करने के आरोपी देवेन्द्र सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राजधानी भोपाल निवासी युवती ने आरोप लगाया कि मैट्रीमोनियल ऐप पर पहचान के बाद आरोपी ने शादी का भरोसा देकर दिल्ली बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में सगाई होने के बावजूद उसने शादी से इंकार कर दिया। यही नहीं 15 लाख रुपये की मांग की। बचाव पक्ष ने दहेज मांग से इंकार करते हुए कहा कि राशि डेस्टिनेशन वेडिंग के खर्च से संबंधित थी। हालांकि सुनवाई में यह भी सामने आया कि आरोपी के विरुद्ध हरियाणा के हिसार में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। न्यायालय ने आरोपों की गंभीरता और आरोपी के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया।

सिवनी टोला में नियमों के खिलाफ संचालित हो रही शराब दुकान

बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने खोला मोर्चा

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में शराब माफिया और प्रशासन की कथित मिलीभगत का एक बड़ा मामला सामने आया है। सिवनी टोला इलाके में नियमों को ताक पर रखकर खोली जा रही एक शराब दुकान के विरोध में स्थानीय लोग और बहुजन चेतना विकास मोर्चा के पदाधिकारी सड़कों पर उतर आए हैं। संगठन का आरोप है कि कलेक्टर के स्पष्ट आदेशों के बावजूद शराब माफिया राजनीतिक और प्रशासनिक साठगांठ के बल पर यहाँ अवैध रूप से दुकान संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा ने 'सिवनी टोला में हमने एक

महीने पहले भी ज्ञापन दिया था। जो टेंडर हुआ है, उसके अनुसार यह दुकान गंगई बरखेड़ा में होनी चाहिए, जिसका थाना चरगवां और तहसील शहपुरा लगती है। लेकिन शासन-प्रशासन की मिलीभगत से आज यहाँ अवैध शराब दुकान खोली जा रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीएसपी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगें उनके सामने रखीं। मांगों में दुकान को सील करना, ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त करना, शराब दुकान को इसके अलॉटेड क्षेत्र यानी 'गंगई बरखेड़ा' में शिफ्ट किया जाए शामिल रही। इस दौरान संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि इस अवैध शराब दुकान को यहाँ से नहीं हटाया गया, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।

लोकतंत्र पर हमला, भाजपा दबा रही विपक्ष की आवाज : कांग्रेस

मुख्यालय पर उपवास विरोध प्रदर्शन

जबलपुर। भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। इस अन्याय और लोकतंत्र विरोधी कृत्य के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी। जनमत और संविधान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। यह बातें शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कांग्रेसियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर, जिला मुख्यालय, में उपवास एवं विरोध प्रदर्शन के दौरान कहीं। आगे उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त लोकतंत्र पर सीधा हमला है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के विरोध में बुधवार दोपहर

12:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में अपनाई गई प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल कांग्रेस पार्टी का नहीं बल्कि लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हर नागरिक का विषय है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

भाजपा ने षड़यंत्र रचा : लखन

पूर्व मंत्री विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्यसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव आयोग से किसी भी प्रकार से कोई जानकारी नहीं छिपाई जिस मामले को लेकर भाजपा ने षड्यंत्र रचा उस मामले की जानकारी हमारे प्रत्याशी द्वारा न्यायालय को दी जा चुकी है ऐसी षड्यंत्रकारी नीतियों के बावजूद कांग्रेस ना तो कभी झुकी है और ना ही आगे भी झुकेगी। इस दौरान कांग्रेस नेता रितेश गुप्ता बंटी, राजेश पटेल, आदित्य मिश्रा, इंदिरा पाठक तिवारी, सोनू कुकरेले, मनीष चंचोरिया, विवेक यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

ड्यूटी पर जा रहे पुलिस जवान को बदमाशों ने सरेराह घेरा, पीटा, धमकाया

आईजी कार्यालय की महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ है प्रधान आरक्षक

नवभारत, जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत आईजी कार्यालय की महिला सुरक्षा शाखा में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक को बदमाशों ने रास्ते में रोककर न सिर्फ बेरहमी से पीटा, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हाउबाग स्टेशन दुर्गा कन्याशाला स्कूल के पास के रहने वाले 47 वर्षीय सविनय लोधी जबलपुर आईजी कार्यालय की महिला सुरक्षा शाखा में प्रधान आरक्षकके पद पर तैनात हैं। रात करीब 8 बजे वे अपने घर से कार्यालय की ड्यूटी पर जाने के लिए निकले थे। आरक्षक सविनय लोधी जैसे ही हाउबाग साईं मंदिर के पास पहुंचे, वहां मुन्ना पंडित के मकान में किराए से रहने वाले घंटी नाम के युवक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ उनका रास्ता रोक लिया। पुलिसकर्मी ने जब अपनी बाइक साइड में खड़ी कर रास्ता रोकने का कारण पूछा, तो घंटी उनसे विवाद करने लगा। प्रधान आरक्षक ने जब उन्हें समझाने और बहस न करने की बात कही, तो तीनों आरोपी भड़क गए। बदमाशों ने आरक्षक को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। अचानक हमले में प्रधान आरक्षक सविनय लोधी के चेहरे, मुंह, पीठ और दाहिने पैर की जांघ पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के दौरान आरोपियों ने चीखते हुए जान से खत्म करने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

सिरफिरे युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा

नवभारत, जबलपुर। घमापुर थाना क्षेत्र में चार महीने से बातचीत बंद होने से बौखलाए एक युवक ने जिम के बाहर हाईवोल्टेज ड्रामा मचाते हुए युवती को घेरकर उसके साथ हाथ-घूसों से मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चांदमारी टेस्टिंग रोड की रहने वाली एक युवती गोलबाजार स्थित नायक हॉस्पिटल में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती है। युवती की पहले शिवम पटेल नाम के युवक से जान-पहचान थी, लेकिन किन्हीं कारणों से युवती ने पिछले चार महीनों से उससे बातचीत करना बंद कर दिया था। बीती रात करीब 8 बजे युवती शीतलामाई स्थित रोनी स्टार जिम में वर्कआउट करने गई थी। इसी दौरान शिवम पटेल ने उसे फोन कर पूछा कि वह कहाँ है। युवती ने जानकारी देने से मना कर दिया और फोन काट दिया। इससे नाराज होकर आरोपी सीधे जिम के बाहर पहुंच गया। युवती जैसे ही जिम के पास पहुंची, आरोपी शिवम ने उसे रोक लिया और सरेराह धमकाने लगा। जब युवती ने विरोध किया, तो आरोपी ने आव देखा न ताव और उस पर हाथ-घूसों की बरसात कर दी। इस अचानक हुए हमले में युवती के चेहरे और बाएं कान पर गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद युवती के भाई, दोस्त ने तुरंत दौड़कर बीच-बचाव किया और युवती को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया।

मुफ्त शराब नहीं देने पर सेल्समैन पर चलाई गोली, बेरहमी से पीटा

नवभारत, जबलपुर। बरगी थाना अंतर्गत सहजपुरी शराब दुकान में मुफ्त शराब और पैकारी देने से मना करने पर बदमाशों ने पहले सेल्समैन के साथ जमकर मारपीट की और फिर उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली सेल्समैन को नहीं लगी और उसने अंधेरे का फायदा उठाकर भागते हुए अपनी जान बचाई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, लेवर हाट बरगी नगर चौकी निवासी 22 वर्षीय राजू यादव सहजपुरी शराब दुकान में सेल्समैन का काम करता है। रात करीब 8 बजे जब वह दुकान पर था, तभी मनकेड़ी निवासी बबलू झारिया वहां आया। बबलू ने राजू से मुफ्त में शराब और पैकारी की मांग की। जब राजू ने कहा कि मैनेजर ने मुफ्त शराब देने से साफ मना किया है, तो बबलू विवाद करने लगा। इसके बाद बबलू झारिया ने फोन पर अपने साथी पवन देवक और निक्की महरोलिया से राजू की बात कराई। फोन पर भी राजू ने जब मुफ्त शराब देने में असमर्थता जताई, तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि रुक हम आते हैं। इसके महज 10-15 मिनट बाद पवन देवक और निक्की महरोलिया सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से सहजपुरी शराब दुकान पहुंचे। दुकान पर पहुंचते ही निक्की महरोलिया ने राजू के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

दुकान के पीछे ले जाकर पीटा, फिर चलाई गोली

पवन, निक्की और बबलू उसे घसीटते हुए शराब दुकान के पीछे ले गए और वहां भी बेरहमी से पीटा। इसी बीच पवन देवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए पिस्टल निकाल ली। खतरा भांपकर राजू किसी तरह निक्की और बबलू के चंगुल से हाथ छुड़ाकर भागा। तभी पवन देवक ने पिस्टल लोड कर जान से मारने की नीयत से राजू पर सीधे गोली चला दी। निशाना चूकने की वजह से गोली राजू को नहीं लगी और उसने अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी जान बचाई।

भाजपा के पूर्व मंत्री को फिर मिली गोली मारने की धमकी

नवभारत, जबलपुर। मप्र शासन के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्रजीत सिंह बब्बू को मोबाइल फोन पर गोली मारने की धमकी मिली है। गोरखपुर पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू 65 वर्षीय निवासी मदनमहल चौक, गुप्तेश्वर ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि 8 जून की शाम करीब 7:9 बजे वह कार से गोरखपुर बाजार की तरफ जा रहे थे। जब उनकी कार कटंगा तिराहा के पास पहुंची, तभी उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर

से फोन आया। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने तुरंत फोन काट दिया। पुलिस ने पूर्व मंत्री की शिकायत पर अज्ञात धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस की साइबर सेल टीम मोबाइल नंबर को ट्रेस कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

डेढ़ महीने में दूसरी बार मिली धमकी, सुरक्षा की मांग

पूर्व मंत्री ने बताया कि वह इस नंबर के धारक को नहीं जानते हैं। उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस को बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले भी उन्हें इसी तरह जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसकी उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई थी। डेढ़ महीने के भीतर दोबारा धमकी मिलने से उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बब्बू पिछले 25 वर्षों से पश्चिम विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी और विधायक रहे हैं।

गैंगस्टर छोटू चौबे को पुलिस ने दबोचा

नवभारत, जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत कला मंदिर के पास 31 मार्च हुए गोलीकांड में फरार चल रहे गैंगस्टर छोटू चौब को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी के कब्जे से आर्म्स भी बरामद किया गया है।

विदित हो कि चांदमारी निवासी यश थोराट 31 मार्च रात करीब 9:15 बजे साथी बिन्नू उर्फ निखिल श्रीवास और चीकू उर्फ सौम्य सिंह के साथ मयूर कला मंदिर के पास खड़ा था तभी एक्सिस स्कूटी पर बाबू उर्फ कृष्णा हासवानी और निखिल उर्फ कंजा सिंधी पहुंचे थे। यश को देखते ही पुरानी रंजिश के चलते बाबू ने पिस्टल से फायर किया था। जांच में यह बात सामने आई कि गैंगस्टर छोटू

चौबे के इशारे में हमला हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण में उसे भी आरोपी बनाया। मामले में बाबू सिंधी, निखिल कंजा जेल जा चुके है जबकि गैंगस्टर सुयश उर्फ छोटू चौबे पिता शेखर उर्फ चंद्रशेखर चौबे 34 वर्ष निवासी स्नेह नगर मदनमहल का फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था।

लापरवाही | शहर के पॉश इलाकों में शुमार नेपियर टाऊन की स्ट्रीट लाईट बंद

रसल चौक मार्ग डूबा अंधेरे में, शाम होते ही बढ़ जाता है हादसों का खतरा

नवभारत, जबलपुर। शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख इलाकों में गिने जाने वाले नेपियर टाउन के चौथे पुल क्षेत्र में पिछले कई समय से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। यह इलाका शहर का एक महत्वपूर्ण और पॉश क्षेत्र माना जाता है, जहां रोजाना हजारों वाहन और लोग आवाजाही करते हैं। लेकिन शाम ढलते ही सड़कें अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही इसपर स्थानीय लोगों का कहना है कि



कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। बता दे कि रात के समय सड़क पर पर्याप्त रोशनी न होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रखरखाव को लेकर उठ रहे सवाल

रहवासियों के अनुसार चौथे पुल से रसल चौक क्षेत्र शहर के विकसित इलाकों में शामिल है, जहां बेहतर मूलभूत सुविधाओं की अपेक्षा की जाती है। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट व्यवस्था लंबे समय से खराब बनी हुई है। अंधेरे के कारण असामाजिक गतिविधियों की संभावना भी बढ़ जाती है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। बता दें कि शहर में पहले भी सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था की अनदेखी को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और रखरखाव की कमी को लेकर नागरिकों ने चिंता जताई है। जब शहर के प्रमुख और पॉश इलाके ही अंधेरे में डूबे हों, तो आम क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। आखिर जिम्मेदार विभाग कब जागेगा और चौथे पुल क्षेत्र को फिर से रोशनी मिलेगी?

घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

जबलपुर, नवभारत। जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह से इलाज हेतु विक्टोरिया अस्पताल भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरान 9 जून को मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान रमाशंकर पिता मधुरम है वही उसका पता अज्ञात है। मृतक रमाशंकर की उम्र करीबन 52 वर्ष बताई जा रही है। वही उसका निवास स्थान अब भी अज्ञात है। जीआरपी थाना जबलपुर ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।